अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 हमले बंद हों, बांग्लादेश की सरकार को कुछ तो करना पड़ेगा...
6 पेरिस में 16 मेडल जीत सकता था भारत...
7 पेरिस में 16 मेडल जीत सकता था भारत...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-28 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 13 अगस्त से 19 अगस्त 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

## जेल में केजरीवाल आतिशी नहीं फहरा पाएंगी झंडा दिल्ली के इस मंत्री के नाम पर LG ने लगाई मुहर

**परंपरा के अनुसार हर राज?य में स?वतंत्रता दिवस पर होने वाले प्रोग्राम के दौरान सीएम ही झंडा फहराते हैं, लेकिन इस बार दिल?ली में ऐसा हो पाना संभव नहीं है क?योंकि सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं. ऐसा माना जा रहा था कि दिल?ली की शिक्षा मंत्री आतिशी झंडा फहरा सकती हैं ।**

**नई दिल्ली.** सीएम अरविंद केजरीवाल इस वक्त दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं. ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि इस 15 अगस्त पर दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले इंडिपेंडेंस डे के कार्यक्रम में झंडा कौन फहराएगा. ऐसा माना जा रहा था कि दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी झंडा फहरा सकती हैं. एलजी वीके सक्सेना ने उनके नाम पर मुहर नहीं लगाई है. परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के नाम पर एलजी हाउस ने झंडा फहराने के लिए मुहर लगाई है।

दिल्ली के कथित शराब घोटाले के मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल इस वक्त तिहाड़ जेल में बंद हैं. ईडी ने इसी साल मार्च में उन्हें अरेस्ट किया था. हालांकि ईडी से जुड़े केस में सीएम को जमानत मिल चुकी है. इससे पहले की वो जेल से बाहर आ पाते, सीबीआई से जुड़े एंटी करप्शन एक्ट के तहत चल रहे मामले में जांच एजेंसी ने उन?हें अरेस्ट कर लिया. इस केस में उन्हें अभी जमानत नहीं मिल पाई है. हाल ही में इसी केस में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिल गई है.

### झंडा फहराने पर अफसरों ने झाड़ा था पल्ला

दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल अपनी ओर से झंडा फहराने के लिए दिल्ली की मंत्री आतिशी को अधिकृत नहीं कर सकते हैं. इस विभाग के मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को विभाग को निर्देश दिया था कि मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुसार आतिशी के तिरंगा फहराने के लिए बंदोबस्त किए जाएं. मंत्री



के पत्र पर मंत्रालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव नवीन कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश 'कानूनन अवैध है और इसे अमल में नहीं लाया जा सकता.' अधिकारी ने यह भी कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा छह अगस्त को उप राज्यपाल वी के सक्सेना को लिखा गया पत्र कारागार नियमों के अनुसार स्वीकार्य नहीं है।

## लेडी डॉक्टर से रेप एंड मर्डर केस की जांच करेगी CBI, कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा आदेश



कोलकाता में लेडी डॉक्टर से रेप और मर्डर के मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान उच्च न्यायालय ने इस केस की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं.

कोलकाता में लेडी डॉक्टर से रेप और मर्डर के मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान उच्च न्यायालय ने इस केस की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं. कोर्ट ने आदेश दिया है कि इस मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, सभी बयान 14 अगस्त सुबह 10 बजे तक सौंपे जाएंगे.

हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान वकील बिल्वदल भट्टाचार्य ने कहा, ...मुख्यमंत्री की ओर से बयान दिया गया था कि उन्हें मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह कहा गया था कि इस विशेष अवधि की समाप्ति के बाद, हम इस केस को ट्रांसफर करेंगे. लेकिन हम कहते हैं कि यह देरी बहुत घातक होगी क्योंकि सबूत नष्ट हो जाएंगे. इसलिए अदालत ने आज पीड़ित लड़की के माता-पिता की दलीलें सुनीं, वे भी अदालत में मौजूद थे और मैंने तर्क दिया कि इस भीषण हत्या के बावजूद, शव इतनी रक्तरंजित अवस्था में और अर्धनग्न होने के बावजूद, पुलिस आत्महत्या का मामला दर्ज करने में काफी लापरवाही बरत रही थी और इसमें पुलिस को काफी समय लग गया.

### पुलिस के रवैये पर उठे सवाल

वकील बिल्वदल भट्टाचार्य के मुताबिक एफआईआर में देरी और उसके बाद किसी को गिरफ्तार करना, यह बताने के लिए पर्याप्त था कि पुलिस का रवैया कितना लापरवाह था. हम अदालत के आभारी हैं कि मामला अब सीबीआई को सौंप दिया गया है न्यायालय द्वारा निगरानी की जाएगी. अब कोर्ट ने सीबीआई को समय-समय पर रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है. यदि मृत लड़की के माता-पिता को खतरा महसूस होता है, तो सीबीआई को गवाह सुरक्षा योजना के तहत उन्हें सुरक्षा देने के लिए हमेशा सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए.

## निर्मला सीतारमण बोलीं- टैक्स पर सवाल पूछना पसंद नही

### चाहती हूं जीरो कर दूं, लेकिन कई चुनौतियां हैं और इसके लिए फंड की जरूरत



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोग टैक्स पर सवाल करते हैं, ये बात मुझे बिलकुल पसंद नहीं है। वित्त मंत्री ने ये बात भोपाल में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च के 11वें दीक्षांत समारोह में कही।

सीतारमण ने कहा, %लोग सवाल पूछते हैं कि इतने सारे टैक्स क्यों हैं, ये बात मुझे बिलकुल पसंद नहीं है। मैं चाहती हूं कि टैक्स को जीरो पर लेकर आऊं, लेकिन देश के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं। उसके लिए फंड की जरूरत है। हमारे देश और अंतरराष्ट्रीय लेवल पर बहुत सारे कमिटमेंट हैं। हम इस बात का इंतजार नहीं कर सकते कि दूसरे हमें पैसे दें, इसलिए हम खुद पैसा खर्च कर रहे हैं। उसके लिए बहुत सारे पैसों की जरूरत रहती है।

इस दौरान वित्त मंत्री ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान परिसर में शैक्षणिक भवन और व्याख्यान कक्ष का शिलान्यास किया। साथ ही 442 रिसर्चर्स को डिग्रियां भी दीं। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।



संपादकीय

**बांग्लादेश में हो रही हिंसा के कारण भारत में भी कुछ जगहों पर बांग्लाभाषी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेताओं ने बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा पर चिंता जताई है। ओडिशा में बांग्लाभाषियों को परेशान करने के मामले सामने आए हैं, जिन्हें प्रशासन के ध्यान में लाया गया है।**

# हमले बंद हों, बांग्लादेश की सरकार को कुछ तो करना पड़ेगा

बांग्लादेश में मची उथल-पुथल का कुछ प्रभाव भारत पर पड़ना अस्वाभाविक नहीं माना जाएगा, लेकिन इस प्रभाव के चलते यहां भी कुछ इलाकों में लोगों पर भीड़ के हमले होने लगें, यह बात स्वाभाविक नहीं कही जाएगी। बांग्लादेश में हो रहे हमलों की चौतरफा निंदा हो रही है। वहां की अंतरिम सरकार को जल्द से जल्द हालात काबू में करने की जरूरत है।

### हमले और दुष्प्रचार

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आईं, उससे भारत में बेचैनी स्वाभाविक थी। हालांकि इसमें दुष्प्रचार का तत्व भी था। कहा गया कि सोशल मीडिया पर पुराने विडियो और फेक तस्वीरों के जरिए हमलों की बातें बढ़ा-चढ़ाकर फैलाई जा रही हैं। मगर इसमें दो राय नहीं कि वहां हमले हुए, जिन पर काबू पाने की कोशिश वहां का प्रशासन कर रहा है।

### भारत की सहानुभूति

जब भी कोई समाज या देश किसी बड़े बदलाव या अनिश्चितता से गुजरता है, तो असामाजिक तत्व उस स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। पड़ोसी बांग्लादेश आजकल जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसमें भारत की सरकार ही नहीं, लोग भी उससे सहानुभूति रखते हैं। भारत इन चुनौतियों से निपटने में




बांग्लादेश की हरसंभव मदद करने को भी तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने भी बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

### ओडिशा का घटनाक्रम

इस बीच ओडिशा के कुछ जिलों में बांग्लाभाषी लोगों को निशाना बनाने की खबरें चिंताजनक हैं। हालांकि हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, लेकिन कई ऐसे विडियो सामने आए हैं जिनमें कुछ लोग बांग्ला भाषियों को बांग्लादेशी कहते हुए उन्हें परेशान करते देखे गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से बात करके इन घटनाओं पर ध्यान देने का अनुरोध भी किया है।

### आंतरिक मामला

यह समझना होगा कि बांग्लादेश एक अलग मुल्क है, जहां की कानून व्यवस्था पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है। उसे ठीक रखने का काम वहां की सरकार और प्रशासन का है। लेकिन उसे मुद्दा बनाकर देश के अंदर कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने की कोई भी जानी-अनजानी कोशिश खतरनाक हो सकती है।

### बांग्ला भाषियों में असुरक्षा

पश्चिम बंगाल के लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं। बांग्ला बोलने वालों के खिलाफ इस तरह की कोई भी मुहिम उनके मन में असुरक्षा की भावना बढ़ा सकती है। अगर किसी इलाके में अवैध बांग्लादेशी भी रहते हों तो उनके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने का अधिकार और दायित्व प्रशासन का है। अगर असामाजिक तत्वों का कोई हिस्सा अपनी तरफ से ऐसी कोशिश करता है तो उसे तत्काल और सख्ती से रोका जाना चाहिए।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# अदाणी मुद्दे पर बीजेपी से आर-पार के मूड में कांग्रेस, 22 अगस्त को देशभर में प्रदर्शन का ऐलान

**सेबी चीफ पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उधर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देशभर में 22 अगस्त को कांग्रेस इसको लेकर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने सेबी चीफ का इस्तीफा मांगा है।**

दरअसल, हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच को लेकर रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। इसको लेकर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। वेणुगोपाल ने एलान किया कि कांग्रेस देशभर में 22 अगस्त को प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने मामले को लेकर सेबी प्रमुख का इस्तीफा मांगा है। साथ ही पार्टी जेपीसी जांच की भी मांग कर रही है।

### राहुल गांधी करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस

वहीं, इस मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पीसी करने वाले हैं। राहुल ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि हमें इस पर गहराई से चर्चा करनी होगी। मैं जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा।

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में क्या है?

अमेरिका की शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच को लेकर सवाल उठाए थे। हिंडनबर्ग ने शनिवार को एक ब्लाग पोस्ट में आरोप लगाया था कि अदाणी समूह की कंपनियों में हेरफेर के लिए इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट आफशोर (विदेश में स्थित) फंड में माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की हिस्सेदारी थी। शॉर्ट-सेलर फर्म ने आरोप



लगाया कि सेबी ने अदाणी के मॉरीशस और ऑफशोर शेल संस्थाओं के कार्रवाई में रुचि नहीं दिखाई है।

# इंदौर में बड़े भाई ने छोटे भाई को गोली मारी

## मरा समझकर उसी बंदूक से कर लिया सुसाइड; खाने की बात पर हुआ विवाद

**इंदौर में बड़े भाई ने छोटे भाई को गोली मार दी। इसके बाद भाई को मरा समझकर उसी बंदूक से खुद के सिर में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। दोनों भाइयों के बीच खाने-पीने की बात को लेकर विवाद हुआ था। छोटे भाई की हालत गंभीर है।**

मामला एरोड्रम इलाके के दुर्गानगर में सोमवार शाम करीब 6.30 बजे का है। डीसीपी विनोद मीना ने बताया कि परवेज शेख (40) पिता अल्लाह नूर ने अपने छोटे भाई जावेद (38) पर 12 बोर की बंदूक से फायर कर दिया। घायल जावेद को पहले निजी अस्पताल भेजा गया। यहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया।

### पिता हेड कॉन्स्टेबल पद से हुए रिटायर

परवेज और जावेद के पिता अल्लाह नूर पुलिस डिपार्टमेंट से हेड कॉन्स्टेबल के पद से 2006 में रिटायर हुए थे। भाइयों के बीच पैसों और पारिवारिक कलह के चलते विवाद हुआ था।

### बहन ने रोते हुए पिता को दी जानकारी

जावेद और परवेज की बहन ने बताया कि वह एक घंटे के लिए घर से बाहर गई थी। घर के पीछे कमरे में पिता अल्लाह नूर थे। एक बहन के बच्चे भी अंदर ही थे। अचानक गोली चलने की आवाज आई तो वह बाहर की तरफ आए। तो देखा कि जावेद घायल है वहीं परवेज गिरा पड़ा है। वह रोते हुए अंदर पहुंची और पिता को जानकारी दी। इसके बाद आसपास के लोग आए और पुलिस को जानकारी दी।

### दोनों भाइयों की नहीं हुई थी शादी

परवेज और जावेद की मां की 6 साल पहले मौत हो चुकी है। अल्लाह नूर को भी पैरों में चलने में तकलीफ है। इसके चलते वह अंदर के कमरे में ही रहते हैं। परिवार के मुताबिक दोनों भाइयों की शादी नहीं हुई थी। उनकी दो बहनें है। एक बहन के दो बच्चे अपने नाना की देखभाल के लिए साथ में ही रहते हैं।



# दूध की दुकान से रुपए से भरा बैग चोरी

## खीर के लिए दूध लेने आए थे, बाइक से उतरकर बदमाश ने की चोरी

इंदौर के एमआईजी में खीर बनाने के लिये दूध लेने गए बदमाश वहां रखा रुपए से भरा बैग लेकर भाग गए। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

एमआईजी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुधा पति नंदकिशोर अग्रवाल ने बताया कि एलआईजी कॉलोनी में उनकी सांची पार्लर की दुकान है। सोमवार शाम 5.15 बजे बाइक पर 2 लड़के आए। एक ने कहा कि खीर बनाने के लिए दूध के 12 पैकेट दे दो।

पैकेट निकालकर काउंटर पर रखे तो बिस्किट के पैकेट मांग लिए। मैं पैकेट लेने गई इतने में उन्होंने काउंटर की ड्रॉवर में रखा रुपए से भरा बैग निकालकर भाग गए। इसमें दिन भर की सिल्लक, एडवांस कार्ड और करीब 50 हजार रुपए रखे थे।

सुधा और उनके परिवार ने एमआईजी पुलिस को पूरी घटना बताने के साथ सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे हैं। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस दोनों बदमाशों की तलाश कर रही है।

## दीवार में छेद कर चुराए कॉपर वायर और लोहे के पार्ट्स

जूनी इंदौर में कंपनी की दीवार में छेद कर बदमाश एक क्विंटल के लगभग वायर और लोहे के पार्ट्स चुराकर ले गए। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक प्रताप पुत्र बाबूलाल पटेल निवासी साकार कुंज पीपल्याहाना चौराहे ने बताया कि वह लोहामंडी में पटेल इंडस्ट्रीज के नाम से कंपनी संचालित करते हैं।

यहां पर मोटर पंप का काम होता है। वह रात में अपने गोदाम के ताला लगाकर गए थे। दूसरे दिन सुबह सामान बिखरा था। कर्मचारियों ने आसपास देखा तो सीढ़ियों के पास दीवार में बड़ा सा छेद कर बदमाश अंदर आए। यहां से मोटर वायर 100 किलो से अधिक, मेटल के बुच 300 के लगभग चुराकर ले गए।

## चौकीदार के सामने दवाइयों के 100 कार्टून ले गए चोर

**लसूड़िया में दवाइयों से भरे करीब 100 कार्टून बदमाश चौकीदार के सामने लेकर चले गए। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सुशील कोष्ठी निवासी बजरंग नगर ने बताया कि वह मेडी एग्रोप्स सर्विसेज में मैनेजर है।**

कंपनी कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड गोडाउन एसआर कंपाउड में सीडीआरएफ का काम करती है। जिसमें पेस्टिसाइड्स दवाईयां बनती हैं। बदमाश यहां से रविवार रात 9 बजे सिक्योरिटी गार्ड चंपालाल के सामने तीन पहिया लोडिंग वाहन से सौ पैकेट लोडिंग रिक्शा में चुरा कर ले गए। पूछने पर बदमाशों ने गार्ड से कहा कि साहब लोग आ रहे हैं।

कुछ देर बाद जब कोष्ठी पहुंचे तो गोडाउन के ताले टूटे देखे। यहां से दवाओं के सौ कार्टून कम थे। सीसीटीवी में पूरी घटना देखने के बाद कोष्ठी ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## शिव पूजन के दौरान उड़ाई महिला की चेन

**एरोड्रम इलाके में शिव पूजन के दिन महिला की चेन उड़ा दी। महिला ने मामले में अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया है। एरोड्रम पुलिस ने हेमलता (54) पति विजय अग्रवाल निवासी श्रीकृष्णा नगर की शिकायत पर केस दर्ज किया है।**

हेमलता ने बताया कि वह विद्याधाम मंदिर एअरपोर्ट रोड पर शिवजी को जल चढ़ाने गई थी। इसके बाद परिसर में बने मंदिरों में दर्शन करने गई। कुछ देर बाद गले पर हाथ लगाया तो गले में पहनी हुई चेन नहीं मिली। उसमें गणेश भगवान का पैंडल भी लगा था। हेमलता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है।

# 12वीं की छात्रा का मोबाइल लूटा

## छात्रा ने पुलिस को बाइक नंबर बताया, पुलिस ने बदमाशों को पकड़कर दर्ज की एफआईआर

**इंदौर के बाणगंगा में बाइक सवार दो बदमाश 12वीं की छात्रा का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। छात्रा ने परिवार के साथ जाकर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और बाइक नंबर भी बताया। पुलिस ने बदमाशों को हिरासत में लेने के बाद केस दर्ज किया है।**



बाणगंगा पुलिस के मुताबिक सृष्टी (17 साल) पुत्री राजेश मालवीय निवासी भवानी नगर की शिकायत पर बाइक नंबर MP09XH0983 पर सवार बदमाशों पर लूट का केस दर्ज किया है। छात्रा ने बताया कि वह 9 अगस्त की दोपहर करीब 1 बजे वह ऑटो से निर्मल इंजीनियरींग चौराहे से सांवेर रोड ई सेक्टर पहुंची।

बाइक सवारों ने पीछे से आकर हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। छात्रा ने बताया कि दोनों भवानी नगर की तरफ भागे। इस दौरान उसने बाइक का नंबर देख लिया। कुछ दूरी तक छात्रा ने दौड़ भी लगाई। लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए।

सृष्टी ने घर पर पिता को घटना की जानकारी बताई और फिर थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद सोमवार को इस मामले की एफआईआर दर्ज की है।

## गाड़ी टकराई तो जज ने लूट का केस दर्ज कराया

### इंदौर हाईकोर्ट ने कहा- सीसीटीवी में मारपीट दिखी, लूट नहीं; जमानत दी

**इंदौर जिला एवं सत्र न्यायालय के एक जज ने खुद के साथ लूट की एफआईआर दर्ज करवाकर युवक को जेल भिजवा दिया। अदालत ने आरोपी को जमानत देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी युवक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद युवक को न केवल जमानत दे दी, बल्कि यह भी कहा कि गाड़ी को कट लगने पर जज और पीड़ित युवक के बीच मामूली विवाद हुआ था। फिलहाल लूट का आरोप साबित नहीं हो रहा है।**

इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की बेंच ने की। फैसले पर पहुंचने से पहले अदालत ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी देखे।दरअसल, जिला एवं सत्र न्यायालय के जज मोहित रघुवंशी ने शैलेंद्र नागर के खिलाफ कनाड़िया थाने में लूट की धाराओं में केस दर्ज करवाया था। नागर को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर पहले रिमांड पर लिया, फिर जेल भेज दिया।




# काम की तलाश में इंदौर आए युवक ने लगाई फांसी

## पत्नी खाना लेकर गई तो पति को फंदे पर लटके देखा

जूनी इंदौर इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार ने बताया कि रात में वह अपने कमरे में गया। कुछ देर बाद पत्नी खाने का पूछने गई तो वह फंदे पर लटका मिला। पुलिस के मुताबिक तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी।

जूनी इंदौर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक श्याम (24) पुत्र सुंदरलाल बालसे निवासी सिंधी कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगा ली। मामा मुकेश ने बताया कि वह अपने कमरे पर थे। उनकी बहन ने आकर बताया कि भांजा फंदे पर झूला है।

वह भागते हुए श्याम के कमरे में पहुंचे तो उसकी सांस चल रही थी। उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर गए। यहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि श्याम लालखेड़ा ग्राम भीकनगांव का रहने वाला था। 8 दिन पहले ही काम के लिए इंदौर आया था। तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी।

श्याम के मामा ने पुलिस को बताया कि सोमवार को मेरी बहन नई बहू के साथ खाना बना रही थी। इसके बाद बहू पति श्याम से खाने का पूछने गई तो वह उसे फंदे पर लटका हुआ मिला। वह चिल्लाई और मां को बुलाया। इसके बाद उसे परिवार के लोग एमवाय अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने श्याम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना आत्मसाक्षात्कार विश्व परिवर्तन संभव नहीं



आपका परिवार राजवंश शालीवाहन होने के साथ-साथ अत्यंत पावन धर्मपरायण ईमानदार सत्यनिष्ठा था तथा अत्यंत उदार व अन्य धर्मों का सम्मान करने वाला भी आपके माता-पिता प्रथम श्रेणी के स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्य दांव पर लगा दिया था ।

शैशव काल से ही श्री माताजी अत्यंत जिंदादिल थी जो भी उन्हें बुलाता उसके पास चली जाती, सभी पशु पक्षीयों से उनकी मित्रता थीद्ध। बचपन में खाली वक्त में वे अकेली ध्यानस्थ बैठकर यहाँ चिंतन किया करती थी कि सामूहिक कुंडलिनी जागृत द्वारा किस प्रकार से वह संसार के लोगों को अपनी समस्याओं से मुक्ति दिलवा सकती हैं, बचपन से ही गरीबों व असहायों के प्रति वे अत्यंत सुहृद एवं करूणामय थी ।

भूमि का स्पर्श हो इसीलिए वे पाठशाला जाते समय चप्पल नहीं पहनती थी। छुट्टी के समय भी श्री निर्मला देवी महात्मा गांधी के आश्रम में जाती थी। महात्मा जी उन्हें नेपाली संबोधित करते थे। आश्रम के सभी कार्यों में उनका सहभाग था और उनकी भावपूर्ण उपस्थिति महात्मा जी को भी अनजाने में प्रेरणा देती थी। निर्मला देवी जी ने महात्मा गांधी जी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी होकर कार्य किया ।

सन् 1942 के स्वतंत्रता लड़ाई में विद्यार्थियों की क्रांति में अग्रणी होने के कारण अनेक बार उन्हें कारावास में जाना पड़ा। 5 मई 1970 में उन्होंने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए सहस्त्रार खोला व उस विधि को खोजा जिसके द्वारा हजारों में एक साथ कुंडलिनी ,, हमारे अंदर स्थित परमात्मा की सूक्त शक्ति का ,,जागरण संभव हुआ यह कार्य सृष्टि में प्रथम बार हो रहा है । अपने अथक प्रयासों से श्री माताजी विश्व के अनेक देशों में हजारों की कुंडलिनी जागृत कर आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर रही हैं। वे कहती हैं,, बिना आत्मसाक्षात्कार दिए विश्व परिवर्तन संभव नहीं है । यह कार्य में अपने स्वभाव से प्रेमवस कर रही हूं अतः आपको इसके लिए कुछ देना नहीं है । आप अपने अंदर स्थित परमात्मा की शक्ति को जागृत कर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त करें। आत्मसाक्षात्कार पाना मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है ,जिसे देने के लिए मैं आई हूं ।,,

# रात में डिनर के बाद आप भी करते हैं ये गलतियां?

## शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर

**भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोग देर रात तक काम करते हैं और उसके थककर घर आते हैं और खाना खाते हैं और सो जाते हैं, लेकिन यह तरीका सही नहीं है। आधुनिक गतिहीन लाइफस्टाइल के कारण डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मोटापा, हार्ट डिजीज आदि बीमारियां बढ़ने लगी है। देर रात भोजन करना वैसे भी नुकसानदेह है। इसपर लोग रात में खाना खाने के बाद कई तरह की गलतियां करते हैं। इससे और ज्यादा परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि रात में खाने के बाद आप क्या-क्या गलतियां कर रहे हैं।**



देर रात भोजन करना सबसे खराब तरीका है। देर रात तक जागने से कई तरह के हार्मोन में बदलाव होने लगता है जिसका नकारात्मक असर हमारे शरीर पर पड़ता है। इस स्थिति में देर रात डिनर करने से सबसे पहले डाइजेशन बिगड़ सकता है। इससे मेटोबोलिज्म स्लो हो सकता है और आप मोटापा के शिकार हो सकते हैं।

खाने के तुरंत बाद बेड पर जाना-अधिकांश लोग रात में डिनर के तुरंत पर बेड पर लेट जाते हैं। डिनर के तुरंत बाद बेडपर जाना बहुत बड़ी गलती है। इससे भोजन पचाने के लिए आवश्यक एंजाइम निकल नहीं पाते हैं और कई तरह की परेशानियां हो सकती है। इसलिए रात में डिनर के तुरंत बाद बेड पर न लेटें। कोशिश करें कुछ देर इधर-उधर करें या कम से कम कुर्सी पर बैठ ही जाएं।

खाने के बाद स्क्रीन टाइम-आजकल शायद ही कोई ऐसा होगा जो रात में सोने के समय बिस्तर पर मोबाइल न देखता होगा। लेकिन रात में किसी भी तरह का स्क्रीन टाइम शरीर के लिए बेहद नुकसानदेह है। जैसे ही बिस्तर पर सोते समय हम मोबाइल की स्क्रीन हमारे आंखों के सामने होगी, हमारा बायलॉजिकल क्लॉक में गड़बड़ियां होने लगेगी। स्क्रीन के प्रभाव से कॉर्टिसोल हार्मोन रिलीज होगा जो तनाव और अवसाद को बढ़ा देगा। इससे नींद की गुणवत्ता भी खराब होगी और सुबह-सुबह आपको निराशा भी होगी। इसलिए रात में खाना खाने के बाद कम से कम एक घंटे तक बेड पर नहीं जाना चाहिए।

सिगरेट-शराब-वैसे तो सिगरेट-शराब हमेशा ही खराब चीज है लेकिन रात में डिनर के बाद यदि आप सिगरेट-शराब का सेवन करते हैं तो इससे कई तरह की बीमारियों के आप शिकार हो जाएंगे। डिनर के बाद सिगरेट-शराब का सेवन पेट में एसिड रिफलेक्स, हार्ट बर्न, इनडाइजेशन की समस्या पेदा करेगा। लंबे समय तक ऐसा करने से कई बीमारियां हो सकती है।

वॉक न करना-रात में डिनर करने के बाद यदि तुरंत बेड पर जाकर सो जाते हैं तो यह भी गलत तरीका है। अगर फिट रहना है कि रात में डिनर के बाद कम से कम 10 मिनट तक वॉक जरूर करें। इससे थकान होगी तो बेहतर और सुकून भरी नींद आएगी।




नई दिल्ली। हमारे शरीर में मौजूद सभी पोषक तत्व हमें स्वस्थ बनाने और एक हेल्दी लाइफ जीने में मदद करते हैं। ये सभी न्यूट्रिएंट्स हमारे सही और तेज विकास के लिए जरूरी है। विटामिन बी12 ऐसी ही एक पोषक तत्व है, जो शरीर के खून और नर्व सेल को स्वस्थ रखने में मदद करता है। ऐसे में इसकी कमी होने पर शरीर में कई लक्षण नजर आते हैं, जिसमें डिमेंशिया, हाथ-पैरों में सुन्नता और झुनझुनी, मांसपेशियों में कमजोरी, इल्युजन, ब्लर विजन, चिड़चिड़ापन, चलते समय असंतुलन और डिप्रेशन आदि शामिल हैं।

ऐसे में शरीर में बी12 के स्तर की नियमित निगरानी करना जरूरी है, खासकर हाई रिस्क वाले लोग जिनमें बुजुर्ग, वेजीटेरियन और कुछ मेडिकल कंडीशन वाले लोग शामिल हैं। समय से इसकी कमी का पता लगातर कुछ फूड्स की मदद से Vitamin B12 की कमी को दूर किया जा सकता है। आइए जानते हैं कुछ विटामिन बी12 रिच फूड्स के बारे में-

**डेयरी प्रोडक्ट्स**-दूध, पनीर और दही आमतौर पर कैल्शियम का बढ़िया सोर्स माने जाते हैं। हालांकि, यह विटामिन बी12 का भी अच्छा स्रोत होते हैं। इन सभी डेयरी प्रोडक्ट्स को रोजाना अपनी डाइट में शामिल करने से शरीर में पर्याप्त बी12 लेवल बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

**चिकन**-चिकन नॉन-लवर का फेवरेट व्यंजन है और लोग इसे बड़े चाव से खाते हैं। हालांकि, स्वाद में बेहतरीन होने के साथ ही वह विटामिन बी12 का भी एक बढ़िया सोर्स माना जाता है। खासतौर पर चिकन लीवर, विटामिन बी12 का अच्छा स्रोत है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करने से आपको आपके बी12 के लेवल को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

**अंडे**-विटामिन बी12 से भरपूर होने की वजह यह इसकी कमी पूरा करने का एक बढ़िया सोर्स है। खासकर इसकी जर्दी, में इसकी अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। ऐसे में विटामिन बी12 की कमी दूर करने के लिए आप नाश्ते में अंडे शामिल कर सकते हैं।

**डुरेड मीट**-रेड मीट भी खासतौर पर बीफ लीवर, विटामिन बी12 के सबसे बेहतरीन सोर्सेस में से एक है। ऐसे में शरीर में इसकी कमी को पूरा करने के लिए आप अपनी डाइट में रेड मीट शामिल कर सकते हैं।

**मछली**-साल्मन, ट्यूना और ट्राउट जैसी फैट रिच मछलियां विटामिन बी12 के बेहतरीन सोर्स होती हैं। ये मछलियां ओमेगा-3 फैटी एसिड से भी भरपूर होती हैं, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती हैं।

# Stree2



# श्रद्धा कपूर या राजकुमार राव, जानें 'स्त्री 2' के लिए मेकर्स ने किसपर बहाया ज्यादा पैसा ?




**श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर कॉमेडी 'स्त्री 2' की रिलीज का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है. लेकिन इस रिपोर्ट में हम आपको इसकी स्टारकास्ट की फीस से रूबरू करवाएंगे.**

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव इन दिनों अपनी फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर चर्चा में बने हुए. 6 साल बाद फिल्म का दूसरा पार्ट रिलीज हो रहा है. जिसके लिए फैंस काफी एक्साइटिड है. फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होगी. इसी बीच हाल ही में फिल्म की स्टारकास्ट की फीस को लेकर जानकारी सामने आई है. चलिए देखते हैं फिल्म के लिए श्रद्धा और राजकुमार राव ने कितने पैसे वसूले हैं.

दरअसल 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव दोनों ही लीड रोल में हैं. दोनों ही स्टार का अपना तगड़ा फैनबेस रखते हैं. यही वजह है कि फैंस इनकी जोड़ी फिर से पर्दे पर देखने के लिए बेताब है.

इसके साथ ही हर कोई ये जानने के लिए भी काफी एक्साइटिड हैं कि आखिर इन दोनों में से फिल्म के लिए किसने ज्यादा फीस ली है.अगर आप भी जानना चाहते हैं तो बता दें कि श्रद्धा कपूर की फिल्म के लिए करीब 5 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस ली है.लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में पार्ट के लिए राजकुमार राव ने फीस के मामले में श्रद्धा को भी पीछे छोड़ दिया है.राजकुमार राव ने 'स्त्री 2' के लिए मेकर्स से 6 करोड़ रुपए वसूले हैं. इस बात से हर कोई हैरान है कि एक्टर ने श्रद्धा को फीस में मात दे दी है.बताते चलें कि राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की ये फिल्म 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होने जा रही है.

# पेरिस में 16 मेडल जीत सकता था भारत

## 6 इवेंट में चौथा स्थान, 2 में एक जीत दूर रहे; विनेश-निशा की किस्मत रूठी




पेरिस ओलिंपिक खत्म हो चुके हैं। अमेरिका फिर एक बार टॉप पर रहा, देश ने 40 गोल्ड समेत 126 मेडल अपने नाम किया। अमेरिका ने जितने मेडल जीते, भारत उतने एथलीट्स भी ओलिंपिक में नहीं उतार सका। भारत ने ओलिंपिक में 117 एथलीट्स भेजे, जिन्होंने 1 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल दिलाए।

भारत मेडल टैली में पाकिस्तान से भी नीचे 71वें स्थान पर रहा। हालांकि, इंडियन एथलीट्स की किस्मत और खेल का लेवल थोड़ा भी बेहतर रहता तो भारत 16 मेडल तक जीत सकता था।

### 6 इवेंट में चौथे स्थान ने किया मेडल से दूर

भारत ने पेरिस ओलिंपिक में सबसे ज्यादा 3 मेडल शूटिंग में जीते, लेकिन इसी खेल के 3 इवेंट में भारत चौथे स्थान पर भी रहा और मेडल जीतने से चूक गया। बैडमिंटन में भारत 2012 से लगातार मेडल जीत रहा था, लेकिन इस बार मेंस सिंगल्स में देश को चौथा स्थान ही मिल सका। वेटलिफ्टिंग और आर्चरी के भी एक-एक इवेंट में चौथे स्थान पर रहने के कारण देश मेडल नहीं जीत सका।

2 प्लेयर्स रहे मेडल से महज एक जीत दूर रहे

ओलिंपिक बॉक्सिंग में सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाले बॉक्सर्स का भी मेडल कन्फर्म हो जाता है। भारत के 2 बॉक्सर्स इस बार सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब पहुंचे, लेकिन क्वार्टर फाइनल हारकर बाहर हो गए।

### रेसलिंग में हाथ से फिसले 2 मेडल

भारत से इस बार 6 रेसलर्स ने क्वालिफाई किया, सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन मेडल सिर्फ एक मिला। रेसलिंग में विनेश फोगाट का फाइनल से ठीक से पहले डिसक्वालिफाई होना सबसे बड़ा सदमा रहा। विमेंस रेसलिंग में ही निशा दहिया का क्वार्टर फाइनल में इंजर्ड हो जाना भी दिल तोड़ने वाला रहा।

### 1. विनेश फोगाट, रेसलिंग

विमेंस रेसलिंग के 50 किग्रा इवेंट में विनेश फोगाट ने पहला ही मैच वर्ल्ड नंबर-1 जापान की यूई सुसाकी के खिलाफ खेला। विनेश ने बेहतरीन डिफेंस से मुकाबला 3-2 के अंतर से जीत लिया। विनेश ने फिर क्वार्टर फाइनल 7-5 और सेमीफाइनल 5-0 से जीत लिया और फाइनल में जगह बनाई। विनेश ने कम से कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया था।



फॉर्म को देखते हुए विनेश से गोल्ड जीतने की भी उम्मीदें थीं, लेकिन फाइनल के दिन दोपहर 12 बजे खबर आई कि विनेश वेट-इन के दौरान 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण डिसक्वालिफाई कर दी गईं। इस कारण उन्हें कोई मेडल नहीं मिलेगा। विनेश ओलिंपिक रेसलिंग के फाइनल में पहुंचने वालीं पहली ही भारतीय महिला थीं, लेकिन डिसक्वालिफिकेशन ने देश का मेडल छीन लिया। विनेश इस फैसले इतनी दुखी हुईं कि उन्होंने संन्यास ही ले लिया।

### 2. निशा दहिया, रेसलिंग



रेसलिंग के ही 68 किग्रा विमेंस इवेंट में उतरीं निशा दहिया ने सभी को चौंकाकर पहला मैच 6-4 से जीत लिया। क्वार्टर फाइनल में भी उन्होंने दबदबा दिखाया, 5 मिनट तक वह 8-0 से आगे थीं। तभी उनकी कोहनी में चोट लग गई। चोट इतनी गहरी थी कि उनकी आंखों से आंसू बहने लगे, मेडिकल टीम ने उन्हें चेक किया, लेकिन निशा दर्द से तड़पे ही जा रही थीं।

निशा ने कुछ देर बाद बाउट जारी रखी, लेकिन नॉर्थ कोरियन रेसलर ने उनकी चोट का फायदा उठाना शुरू कर दिया। उन्होंने निशा के हाथ पर ही अटैक किया और स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया। आखिरी 12 सेकेंड में कोरियन रेसलर ने बढ़त बनाई और 10-8 से जीत दर्ज कर ली। निशा अगर फिट रहतीं तो कन्फर्म ही सेमीफाइनल में पहुंच जातीं। पूरी तरह संभव था कि वह फाइनल में भी जगह बना लेतीं, लेकिन इंजरी के कारण ऐसा हो नहीं सका।




# एमपी में मंत्रियों को मिले जिलों के प्रभार

## सीएम डॉ. यादव इंदौर, विजयवर्गीय सतना-धार; प्रहलाद पटेल भिंड-रीवा के प्रभारी मंत्री

**मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार बनने के करीब सात महीने बाद मंत्रियों को जिलों के प्रभार सौंप दिए गए हैं। सोमवार देर रात लिस्ट जारी की गई। इसमें सीएम डॉ. यादव ने इंदौर जिले का प्रभार अपने पास रखा है। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल सागर और शहडोल के प्रभारी मंत्री बनाए गए हैं। वहीं, जगदीश देवड़ा को जबलपुर और देवास जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।**

कांग्रेस से बीजेपी में आकर मंत्री बने राम निवास रावत को मंडला और दमोह जिले का जिम्मा दिया गया है।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने अपने पास रखा पावर

मंत्रियों को दिए जिलों के प्रभार में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पावर अपने हाथ में ही रखा है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर जिले का प्रभार सीएम ने अपने पास रखा है। वहीं राजधानी भोपाल जिले की कमान स्स्स्थ्य मंत्री चैतन्य काश्यप को दी है।

माइनिंग के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण सिंगरौली जिले का प्रभार क्ला॥श्व मंत्री संपतिया उईके को दिया है। जिलों के प्रभारी मंत्रियों की घोषणा होने से पहले कांग्रेस यह आरोप लगा रही थी कि मंत्रियों के बीच सिंगरौली जैसे भारी-भरकम राजस्व देने वाले जिले को लेकर खींचतान मची है। लेकिन, जब लिस्ट आई तो पहली बार मंत्री बनी संपतिया उईके को सिंगरौली की जिम्मेदारी दी गई।

### विजयवर्गीय और पटेल को नहीं मिले बड़े जिले


कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल जैसे सीनियर मंत्रियों को भोपाल, ग्वालियर जैसे जिलों के प्रभार नहीं दिए। सीनियर मंत्रियों के प्रभार में एक जिला गृह नगर से नजदीक और एक दूर का जिला दिया है। कैलाश विजयवर्गीय को सतना और धार का प्रभार दिया है। पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल को रीवा और भिंड की जिम्मेदारी मिली है। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह को छिंदवाड़ा की कमान सौंपी गई है।

### 7 मंत्रियों को मिले एक-एक जिले के प्रभार

मोहन कैबिनेट में सीएम के अलावा 31 मंत्री हैं। इनमें से सात मंत्रियों को एक-एक जिले का प्रभार दिया गया है। सीएम डॉ. यादव के गृह जिले उज्जैन का प्रभार तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को दिया गया है।


डॉ. मोहन यादव
इंदौर


कैलाश विजयवर्गीय
सतना, धार


प्रहलाद पटेल
भिंड, रीवा

### सिंधिया के क्षेत्र में करीबियों को कमान

केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के क्षेत्र में उनके ही करीबी मंत्रियों को जिलों का प्रभार दिया गया है। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को फिर से ग्वालियर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। सिलावट को बुरहानपुर की भी जिम्मेदारी मिली है। सिंधिया के दूसरे करीबी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को गुना और नरसिंहपुर की जिम्मेदारी मिली है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को इस बार शिवपुरी और पांढुर्णा का प्रभार मिला है। तोमर पिछली सरकार में गुना के प्रभारी मंत्री थे।



# बाजारों में दोपहिया के लिए बनेंगी मैकेनाइज्ड पार्किंग

## सड़कों से सब्जी मंडियां हटेंगी, AICTSL की बसें नायता मुंडला से चलेंगी

**इन्दौर । बाजारों में दोपहिया वाहनों के लिए मैकेनाइज्ड पार्किंग बनाई जाएंगी। इस पर अमल के लिए मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक 17 अगस्त को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय में होगी। सोमवार को जिला प्रशासन की समय सीमा बैठक में यह फैसला किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा, शहर में सड़कों पर लगने वाली सब्जी मंडियों को भी वैकल्पिक स्थान पर संचालित करने की प्लानिंग होगी।**



इसके लिए स्थान चिह्नित करेंगे। साथ ही तय किया गया कि एआईसीटीएसएल द्वारा संचालित लंबी दूरी की बसों का संचालन नायता मुंडला बस स्टैंड से किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनसमस्या संबंधी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें।

अटेंडेंस बायोमेट्रिक से होगी

कलेक्टर कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाएगी। बैठक में निगमायुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, आईडीए सीईओ आरपी अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, निशा डामोर और राजेंद्र रघुवंशी मौजूद थे।




# कोलकाता में डॉक्टर-रेप कांड को लेकर इंदौर में आक्रोश

### दूसरे दिन भी जूनियर डॉक्टरों ने रुटीन काम बंद रखकर जताया विरोध; IMA ने भी की निंदा

कोलकाता में डॉक्टर-रेप कांड को लेकर इंदौर में आक्रोश दूसरे दिन भी रहा। एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े डॉक्टरों ने रुटीन में इलाज नहीं किया। इस दौरान इमरजेंसी में इलाज किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है।

डॉक्टरों ने एमवाय अस्पताल के मेन गेट पर तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही घटना की निंदा की। मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (इंदौर चैप्टर) ने भी घटना को लेकर विरोध जताया। इसके साथ ही डॉक्टरों की सुरक्षा पर सवाल उठाए। सुबह जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की उपाध्यक्ष दीप्ति वर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। फिर एमजीएम मेडिकल कॉलेज पहुंचे। डॉक्टरों ने सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है।

# पोर्टल लॉन्च:TDR बेचने में एक पेंच और, मास्टर प्लान में संशोधन तक रुकना होगा

### नियमित कामकाज शुरू होने में अभी 3 से 4 महीने लगेंगे, फिलहाल महू नाका से टोरी कॉर्नर सड़क वालों को ही लाभ मिलेगा

प्रदेश सरकार ने सोमवार को ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट (टीडीआर) वेब एप लॉन्च किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के 13 हितग्राहियों को डेवलपमेंट राइट्स सर्टिफिकेट (डीआरसी) वितरित किए। ये वे हितग्राही हैं, जिन्होंने महू नाका से टोरी कॉर्नर तक सड़क चौड़ीकरण के लिए अपनी बेशकीमती जमीनें दी।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि धीरे-धीरे सभी हितग्राहियों की सूची पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। हमें खुशी है कि इस पोर्टल को बनाने में इंदौर नगर निगम सहभागी बना। तीन-चार महीने में यह नियमित रूप से काम करने लगेगा। पोर्टल के माध्यम से ही डीआरसी जनरेट होगा। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि इस पोर्टल को नगर निगम ने मप्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीएसईडीसी) और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के साथ मिलकर बनाया है।



**इंदौर में इन्हें मिले सर्टिफिकेट**

दुर्गाप्रसाद रामचरण, ओमप्रकाश बलराम वर्मा, विजय राठौर, रविशंकर रामलाल चौहान, महेश किसन अग्रवाल, नीलेश लेखराज, बबीता नीलेश डोसी, चंद्रकांता बजाज, रितेश पुरवार, मांगीलाल राठौर, मनोज सेठी, साधना जैन, अजय बालकिशन को सीएम ने डीआरसी सर्टिफिकेट दिए।

# इंदौर के युवा नितिन रघुवंशी की बड़ी उपलब्धि

### उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए मिला दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल मोटिवेशनल अवार्ड



**इंदौर के युवा समाजसेवी नितिन रघुवंशी की बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल मोटिवेशनल अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया।**

यह वार्षिक अवॉर्ड नितिन रघुवंशी को समाजसेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। उन्होंने बताया कि मुंबई में 10 अगस्त को अवॉर्ड देने के लिए समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें किसी कारणवश नितिन रघुवंशी नहीं पहुंच पाए, इसलिए प्रमाण-पत्र, मोमेंटो और ट्रॉफी आदि पोस्ट से उन्हें इंदौर भेजी गई। इसके साथ ही एबीएम मुंबई के संस्थापक और सीईओ अमोल भगत ने रघुवंशी को उनकी सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस अवॉर्ड को प्राप्त करने के बाद रघुवंशी ने कहा कि वे अपनी समाजसेवा में और भी तेजी लाएंगे। उल्लेखनीय है कि नितिन रघुवंशी ने पूरे प्रदेश में जनसमस्याओं को हल करने के लिए हेल्पलाइन बना रखी है और समस्याओं को दूर करने और लोगों की मदद के लिए युवाओं की टीम बनाई है।

## इंदौर में सड़क पर उतरी तीन थानों की पुलिस हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस ने निकाली वाहन रैली



**इंदौर** नगरीय पुलिस के जोन 3 में संयोगितागंज सर्कल के थानों द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत वाहन रैली निकाली। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट पहनकर पुलिस द्वारा वाहन रैली निकाली गई।

उल्लेखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों पर इंदौर नगरीय पुलिस के जोन 3 के संयोगितागंज सर्कल में एसीपी संयोगितागंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संयोगितागंज, पलासिया और छोटी ग्वालटोली ने अपने-अपने थानों की थाना मोबाइल व वाहनों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के तहत वाहन रैली निकाली। इसमें पुलिसकर्मियों द्वारा हाथों में तिरंगा झंडा लिए थे। वाहन रैली थाना पलासिया से शुरू होकर साकेत चौराहा, मनीष पुरी, पत्रकार चौराहा, पलासिया चौराहा होते हुए शिवाजी वाटिका चौराहा, जीपीओ चौराहा, छावनी रोड उषागंज, जावरा कंपाउंड, मधुमिलन चौराहा होते हुए सरवटे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पटेल प्रतिमा, मधु मिलन से गीता भवन होते हुए वापस पलासिया थाने पहुंची। वाहन रैली में एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह, थाना प्रभारी संयोगितागंज सतीश कुमार पटेल, थाना प्रभारी पलासिया मनीष मिश्रा, थाना प्रभारी छोटी ग्वालटोली उमेश यादव अपने अपने थानों की थाना मोबाइल एवं थानों की पुलिस बल और वाहनों के साथ शामिल हुए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )